प्र. भारत का राष्ट्रीय पशु है?

(a) हाथी (b) शेर

(c) बाघ (d) मोर

उत्तर- (c) भारत का राष्ट्रीय पशु बाघ है इसका वैज्ञानिक नाम पैंथरा टाइग्रीस है भारत में पायी जाने वाली इस प्रजाति को रॉयल बंगाल टाइगर के नाम से भी जाना जाता है

प्र. सागरीय खरपतवार किसका महत्वपूर्ण स्रोत है?

(a) क्लोरीन (b) ब्रोमीन

(c) आयोडीन (d) लोहा

उत्तर- (c) सागरीय खरपतवार आयोडीन का महत्वपूर्ण स्रोत माना जाता है क्योंकि सागर का जल लवण युक्त होने के कारण सागरीय खरपतवार भी लवणयुक्त हो जाते हैं

प्र. भारत में प्रोजेक्ट टाइगर कार्यक्रम किस वर्ष आरंभ किया गया था?

(a) 1982 (b) 1972

(c) 1981 (d) 1973

उत्तर- (d) टाइगर की कम होती संख्या को रोकने तथा उनके संरक्षण के लिए भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण विभाग द्वारा वर्ष 1973 ईस्वी में प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत की गई थी

प्र. निम्नलिखित में से किस वर्ग में प्रोटीन की प्रचुरता है?

(a) दूध, आ, गाजर (b) अंडा, मटर, मछली

(c) सोयाबीन, चन, मक्का (d) सेव, दही, मांस

उत्तर- (c) सोयाबीन, चना एवं मक्का प्रोटीन के मुख्य स्रोत माने जाते हैं प्रोटीन की कमी से क्वाशियोरिकर नामक रोग हो जाता है जिसे सूखा रोग भी कहते हैं

प्र. एक नक्षत्र का रंग निर्भर करता है उसकी-

(a) सूर्य से दूरी पर (b) त्रिज्या पर

(c) घनत्व पर (d) पृष्ठीय ताप पर

उत्तर- (d) किसी तारे या नक्षत्र का रंग उसके पृष्ठीय ताप पर निर्भर करता है नीला रंग सर्वाधिक ताप को इंगित करता है जबकि पीला रंग सबसे कम ताप को इंगित करता है

प्र. वनों के महत्व के कारण है?

(a) ग्रीन गोल्ड (b) ग्रीन आइलैंड

(c) ग्रीनहाउस (d) ग्रीन सिल्वर

उत्तर- (a) वन हमारे लिए अनेक प्रकार से उपयोगी है वनों से हमें विभिन्न प्रकार की लकड़िया, गोंड, शहद तथा विभिन्न प्रकार की औषधि मिलती है इसी कारण वृक्षों को हरा सोना कहा जाता है

प्र. पृथ्वी का अपमार्जक कौन है?

(a) जीवाणु एवं कवक (b) मृदा एवं जल

(c) पशु (d) पक्षी

उत्तर- (a) जीवाणु एवं कवक को पृथ्वी का अपमार्जक कहा जाता है ये ऐसे जीव है जो अपने आवासीय क्षेत्र में उपस्थित मृत जैविक पदार्थों को खाकर अपना निर्वाह करते हैं

प्र. कथक किस क्षेत्र का शास्त्रीय नृत्य है?

(a) उत्तर प्रदेश (b) केरल

(c) आंध्र प्रदेश (d) तमिलनाडु

उत्तर- (a) कथक उत्तर प्रदेश का शास्त्रीय नृत्य है यह नृत्य भाव प्रधान होता है

प्र. निम्नलिखित में रबी की फसल कौन सी है?

(a) चावल (b) चना

(c) मूंगफली (d) कपास

उत्तर- (b) अक्टूबर- नवंबर में बोई जाने वाली फसल रबी फसल कहलाती है रबी फसलों में मुख्यत: गेहूं, जौ, चना, सरसों, मटर तथा आलू आदि प्रमुख है

प्र. पोलियो का कारण है?

(a) जीवाणु (b) विषाणु

(c) कवक (d) कीट

उत्तर- (b) पोलियो विषाणु के कारण होता है पोलियो का वायरस भोजन, पानी के साथ शरीर में प्रवेश कर करते हैं तथा तंत्रिका तंत्र को क्षतिग्रस्त कर देते हैं इससे मांसपेशियों में अवरोध उत्पन्न हो जाता है

प्र. पौधों में प्रकाश संश्लेषण क्रिया किस रंग में सबसे अधिक होती है?

(a) नीला (b) पीला

(c) लाल (d) हरा

उत्तर- (c) पौधों में लाल रंग की उपस्थिति में प्रकाश संश्लेषण की क्रिया सबसे तीव्र होती है नील में लाल से कुछ कम तथा हरी और बैंगनी किरणों में यह क्रिया सबसे कम होती है

प्र. भिंडी में पाया जाता है?

(a) फास्फोरस (b) विटामिन ए

(c) विटामिन सी (d) उपरोक्त सभी

उत्तर- (d) भिंडी की सब्जी में फास्फोरस, विटामिन ए तथा विटामिन सी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है

प्र. भारत में फलों के अंतर्गत सर्वाधिक क्षेत्र है?

YouTube Education सब्सक्राइब करें

(a) नींबू का (b) अमरूद का

(c) आम का (d) पपीते का

उत्तर- (c) भारत में फलों के अंतर्गत आम की खेती सर्वाधिक क्षेत्र में किया जाता है उत्तर प्रदेश एवं आंध्र प्रदेश में इसकी खेती सर्वाधिक की जाती है

प्र. पर्यावरण को बचाने के लिए चिपको आंदोलन का संबंध किस राज्य से है?

(a) उत्तर प्रदेश (b) झारखंड

(c) छत्तीसगढ़ (d) उत्तराखंड

उत्तर- (d) पर्यावरण को बचाने के लिए चिपको आंदोलन की शुरुआत 1973 में उत्तराखंड राज्य में सुंदरलाल बहुगुणा तथा चंडीप्रसाद भट्ट के द्वारा की गई थी वृक्ष काटने के विरोध में आंदोलन चलाया गया था

प्र. निम्नलिखित में से जैविक घटक है?

(a) पादप (b) मृदा

(c) वायु (d) जल

YouTube Tez Education

उत्तर- (a) पादप जैविक घटक है क्योंकि इनमें जीवन तथा उत्पादन की क्षमता होती है जल,वायु तथा मृदा अजैविक घटक के अंतर्गत आते हैं

प्र. कौन रासायनिक उर्वरक का उदाहरण नहीं है?

(a) यूरिया (b) पोटाश

(c) फास्फेट (d) कंपोस्ट

उत्तर- (d) कंपोस्ट खाद जैविक उर्वरक का उदाहरण है क्योंकि इनके निर्माण में पेड़- पौधे, मृत जीव जंतु तथा इनसे उत्सर्जित पदार्थों का प्रयोग किया जाता है यूरिया, पोटाश तथा फास्फोरस रासायनिक उर्वरकों के उदाहरण है

प्र. हमारे पर्यावरण में किस गैस का सबसे अधिक सान्द्रण है?

(a) ऑक्सीजन (b) कार्बन डाइऑक्साइड

(c) हाइड्रोजन (d) नाइट्रोजन

उत्तर- (d) पृथ्वी को घेरती हुई जितने स्थान में वायु रहती है उसे वायुमंडल कहते हैं वायुमंडल में पाए जाने वाले गैसों का सांद्रण निम्न है-

Education
सब्सक्राइब करें

नाइट्रोजन, ऑक्सीजन, आर्गन, कार्बन डाइऑक्साइड, नियॉन, हाइड्रोजन

प्र. निम्नलिखित में कौन अम्ल वर्षा का वृहद प्रदूषक है?

(a) सल्फर डाइऑक्साइड

(b) कार्बन डाइऑक्साइड

(c) कार्बन मोनोऑक्साइड

(d) हाइड्रोजन परॉक्साइड

उत्तर- (a) सल्फर डाइऑक्साइड अम्ल वर्षा के लिए वृहद प्रदूषक जल से संयोग कर ये गैस नाइट्रिक अम्ल एवं सल्फ्यूरिक अम्ल बनाती है अम्लीय वर्षा का pH मान 4 से 4.5 होता है

प्र. एन.सी.टी.ई. का उद्देश्य है?

(a) शिक्षालय खोलना

(b) शिक्षालयों में शिक्षा स्तर बनाए रखना

(c) शिक्षा में शोध को बढ़ावा देना

(d) शिक्षालयों को अनुदान देना

Education
सब्सक्राइब करें

उत्तर- (b) एन.सी.टी.ई. का मुख्य उद्देश्य शिक्षालयों में शिक्षा स्तर को बनाए रखना है इसकी स्थापना राष्ट्रीय शिक्षण शिक्षा परिषद् अधिनियम 1993 के अंतर्गत 17 अगस्त 1995 को किया गया

प्र. हमारे देश में वन महोत्सव दिवस मनाया जाता है?

(a) 2 अक्टूबर को (b) 1 जुलाई को

(c) 10 अगस्त को (d) 1 दिसंबर को

उत्तर- (b) 1 से 7 जुलाई तक भारत में वन महोत्सव मनाया जाता है

प्र. जल जनित रोग है?

(a) अतिसार (b) छोटी माता

(c) रक्ताल्पता (d) मस्तिष्क ज्वर

उत्तर- (a) जल जनित रोग का तात्पर्य जल से उत्पन्न रोग है अतिसार रोग जल के द्वारा उत्पन्न होता है

प्र. वायु प्रदूषण का कारण है?

(a) कीटनाशक (b) सीवेज

(c) धुआं (d) ध्वनि विस्तारक

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

उत्तर- (c) धुआं वायु प्रदूषण का मुख्य कारक है क्योंकि धुएं में अनेक प्रकार की अवांछनीय गैसें होती है जो स्वच्छ वायु में मिलकर उन्हें प्रदूषित कर देती हैं ये गैसें हैं- कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, मीथेन इत्यादि

प्र. निम्नलिखित में किससे कुनाइन नामक दवा प्राप्त होती है?

(a) मनी प्लांट (b) सिनकोना प्लांट

(c) यूकेलिप्ट्स (d) अकोनाइट प्लांट

उत्तर- (b) सिनकोना प्लांट के छाल से कुनाइन नामक दवा प्राप्त होती है कुनाइन दवा का प्रयोग मलेरिया के उपचार में किया जाता है

प्र. 71% पृथ्वी का तल ढका हुआ है?

(a) भूमि से (b) हवा से

(c) जल से (d) कोयला से

उत्तर- (c) पृथ्वी का 71% जल महासागरों एवं जल द्वारा तथा 29% भाग स्थल के द्वारा ढका हुआ है

प्र. विश्व में जल संकट का प्रमुख कारण है?

YouTube Top Education सब्सक्राइब करें

(a) नगरीकरण (b) औद्योगीकरण

(c) विश्व के तापमान में वृद्धि (d) अम्ल वर्षा

उत्तर- (a) जल संकट का प्रमुख कारण बढ़ता हुआ नगरीकरण है क्योंकि नगरीकरण के बढ़ने के साथ जल प्रदूषण बढ़ता जा रहा है तथा पीने योग्य जल की कमी होती जा रही है

प्र. निम्नलिखित में से कौन सा सदाबहार पेड़ नहीं है?

(a) नीम (b) इमली

(c) बबूल (d) शहतूत

उत्तर- (d) शहतूत सदाबहार पेड़ नहीं है सदाबहार पौधे ऐसे पौधों और वृक्षों को कहा जाता है जिन पर हर मौसम में पत्ते होते हैं

प्र. राष्ट्रीय गीत के रचयिता हैं?

(a) बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय (b) रवींद्रनाथ टैगोर

(c) मोहम्मद इकबाल (d) मैथिलीशरण गुप्त

उत्तर- (a) राष्ट्रीय गीत के रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय थे भारत में स्वदेशी आंदोलन के समय यह गीत एकता का प्रतीक बन गया था

प्र. भारत में प्रथम बायोगैस संयंत्र कहां स्थापित हुआ?

(a) पिलानी (b) जयपुर

(c) आगरा (d) दिल्ली

उत्तर- (a) भारत में प्रथम बायोगैस संयंत्र राष्ट्रीय बायोगैस विकास कार्यक्रम के तहत दिल्ली में स्थापित किया गया था इससे प्रदूषण रहित ऊर्जा के साथ-साथ अच्छी खाद भी प्राप्त होती है

प्र. डेसीबल निम्नलिखित में से किसे मापने की इकाई है?

(a) गहराई (b) ध्वनि

(c) तापमान (d) वायुदाब

उत्तर- (b) ध्वनि की तीव्रता मापने के लिए डेसीबल इकाई का प्रयोग किया जाता है मनुष्य के लिए 80 डेसीबल से अधिक की ध्वनि हानिकारक होती है

Tez Education